<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–29 अप्रैल 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने देश के इकहत्तर प्रतिष्ठित लोगों को दिये पद्म पुरस्कार, प्रदेश की चार विभूतियों के पुरस्कृत होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी बधाई।
- पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रदेश से वापस भेजे जा रहे हैं पाकिस्तानी, केंद्र सरकार ने की पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया के अफवाहों से सतर्क रहने और उन्हें साझा न करने की अपील।
- अयोध्या में सरयू नदी में बनेगा फ्लोटिंग स्नान कुंड, एक साथ स्नान कर सकेंगे तीन सौ श्रद्धालु।
- प्रदेश के पूर्वी जिलों में बारिश के बाद तापमान गिरने से भीषण गर्मी से मिली राहत, दो मई तक हैं बूंदाबांदी और छिटपुट वर्षा के आसार।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में पहले नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष दो हजार पचीस के लिए देश के इकहत्तर प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इनमें से चार को पद्म विभूषण, दस को पद्म भूषण और सत्तावन को पद्मश्री प्रदान किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रदेश की भी चार विभूतियां शामिल हैं। पद्म पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और अभियांत्रिकी, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और सिविल सेवा सहित विभिन्न विषयों और गतिविधियों के क्षेत्रों में दिए जाते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति से पद्म श्री पाने वाले पैरा एथलेटिक्स कोच डॉ सत्यपाल सिंह, साहित्य व शिक्षा जगत के गौरव गणेश्वर शास्त्री द्राविड, साहित्य व शिक्षा जगत के जाने माने चेहरा हृदय नारायण दीक्षित और चित्रकार, लेखक एवं शिक्षक डॉ श्याम बिहारी अग्रवाल को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में इन सभी को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**********

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर प्रदेश में भी रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा जा रहा है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों में पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें वापस भेजने की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में केवल एक पाकिस्तानी नागरिक रह रहा है, जिसे कल वापस भेज दिया जाएगा।

इस बीच, पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया द्वारा सेना की तैयारियों के बारे में फर्जी दस्तावेज प्रसारित करने का मामला सामने आया है। केंद्र सरकार के प्रेस सूचना कार्यालय के अनुसार, इन सोशल मीडिया पर झूठा दावा किया जा रहा है कि भारतीय सेना की तैयारियों से जुड़े गोपनीय दस्तावेज लीक हो गए हैं। सरकार ने लोगों से अपुष्ट जानकारी साझा करने से बचने और सटीक जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करने का आग्रह किया है।

पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में कल भी प्रदेश के कई जिलों में प्रदर्शन किया गया। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के आह्वान पर सामाजिक संगठनों, छात्रों और विदेशी भक्तों ने मानव श्रृंखला बनाई।

**********

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भ्रामक सूचना फैलाने के लिए डॉन न्यूज, समा टीवी, आर्य न्यूज और जियो न्यूज सहित सोलह पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर देश भर में प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक रिपोर्ट–

***पाकिस्तानी यूट्यूब चौनलों पर सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, झूठे और भ्रामक बयान फैलाने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। सरकार ने हमले पर बी.बी.सी. की रिपोर्टिंग पर भी आपत्ति जताई है और भारत के बी.बी.सी. प्रमुख को देश की भावनाओं से अवगत कराया है। आतंकवादी को उग्रवादी कहने के लिए बी.बी.सी. को एक औपचारिक पत्र भी भेजा गया है। दिवाकर की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज देवरिया जाएंगे। वह जिले के देसही विकास खण्ड के राजकीय महाविद्यालय पड़ियापार में छह सौ छिहत्तर करोड़ बत्तीस लाख रूपये लागत की पांच सौ एक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री गोरखपुर भी आएंगे। वह गोरखपुर के चरगांवा में नगर निगम की तरफ से आठ करोड़ उन्तालीस लाख रूपये की लागत से बनाए गये गारबेज ट्रांसफर स्टेशन का लोकार्पण करेंगे।

**********

उत्तर प्रदेश उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के पचास वर्ष पूरे होने पर लखनऊ में कल विशेष समारोह का आयोजन किया गया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान विभाग के विकास में विशिष्ट योगदान देने वाले पचास सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों समेत पचास प्रगतिशील बागवानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसानों को पारंपरिक गेहूं और धान की खेती के अलावा औद्यानिक खेती की ओर ध्यान देने की जरूरत है।

***अब वह समय आ गया जब केवल धान और गेहूँ की खेती नहीं करना है। आने वाले समय में अगर हम उत्तर प्रदेश के अंदर अगर नब्बे प्रतिशत का औद्यानिक खेती करे और दस प्रतिशत में ही केवल गेहूं और धान की फसल को उत्पाद करें तो मेरा उत्तर प्रदेश हिंदुस्तान नहीं दुनिया का सबसे संपन्न प्रदेश बन जाएगा।***

**********

अयोध्या में मेलों और धार्मिक आयोजनों के दौरान भक्तों की सुविधा को देखते हुए प्रदेश सरकार ने सरयू नदी में फ्लोटिंग स्नान कुंड बनाने का फैसला किया है। इसमें एक साथ तीन सौ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। फ्लोटिंग स्नान कुंड एक तैरती हुई संरचना है, जो पानी पर स्थिर रहेगी। यह नदी के उतार चढ़ाव के साथ समायोजित हो सकेगी। यह कुंड आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि प्रोजेक्ट की संरचना तैयार कर नक्शा भी जारी कर दिया गया है।

***सरयू नदी में पंद्रह बाई पाँच के दो कुंड बनाए जाएंगे जिसमें महिलाएं और पुरुष स्नान कर सकते हैं वहाँ पे विश्व स्तरीय सुविधाएं भी रहेंगी सुरक्षा के दृष्टिगत से रेलिंग रहेगी, चेंजिंग रूम रहेंगे, इस तरह की सभी सुविधाएं रहेंगी जिससे श्रद्धालुगण आके वहाँ पे स्नान कर सके और अपनी श्रद्धा अर्पित कर सके। ये लगभग तीन करोड़ का प्रपोजल है।***

**********

सुल्तानपुर में एमपी–एमएलए विशेष अदालत में कल नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में सुनवाई हुई। वादी पक्ष के वकील संतोष पांडे ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच हुई जिरह की प्रक्रिया पूरी न हो पाने के कारण विशेष न्यायाधीश ने अगली सुनवाई की तिथि सत्रह मई तय की है।

**********

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी कल हापुड़ जिले में वक्फ संशोधन अधिनियम पर भाजपा द्वारा आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नया वक्फ कानून वक्फ संपत्तियों को जनहित में इस्तेमाल करने के लिए लाया गया है।

***लोगों ने अपने निजी हितों के लिए कब्जे किए है। यह सरकार का जो बिल है यह उसके सुधार की तरफ है उन भूमाफियाओं से जमीन छुड़ाकर गरीबों के काम आए अस्पताल बने कॉलेज बने और आम आदमी के गरीब आदमी के कल्याण के लिए उसके हितों के लिए उन संपत्तियों का इस्तेमाल हो इसके लिए सरकार ने यह कानून बनाया और हम सब लोग मिलकर इसके विषय में एक सार्थक चर्चा करेंगे ।***

वहीं, प्रदेश के श्रम एवं सेवा योजन मंत्री अनिल राजभर ने कल जौनपुर में भाजपा द्वारा आयोजित एक देश एक चुनाव कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राजभर ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन समाज और देश हित में है।

**********

प्रदेश के लगभग सभी पूर्वी जिलों में एक दिन पूर्व तेज आंधी के साथ गरज–चमक के बीच हुयी बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। इसके चलते लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश की वायुमण्डलीय परिस्थितियां अभी भी बनी हुयी है। इसके परिणामस्वरूप दो मई तक कुछ स्थानों पर बादल बने रहेंगे और बूंदाबांदी से लेकर छिटपुट वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग ने इस दौरान प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में भी तेज हवा के बीच वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने कुछ स्थानों पर वज्रपात की चेतावनी भी दी है।

**********